# NTSE STAGE_II LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST (HINDI)-2016

**1–5 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए।**

भारत 15 अगस्त 1947 को आज़ाद हुआ। इस आज़ादी के लिए पूरे देश की जनता ने एक लंबा संघर्ष चलाया था। इस संघर्ष में समाज के बहुत सारे तबकों की हिस्सेदारी थी। तरह–तरह की पष्ठभूमि के लोगों ने इसमें भाग लिया। वे स्वतंत्रता, समानता तथा निर्णय प्रक्रिया में हिस्सेदारी के विचारों से प्रेरित थे। औपनिवेशिक शासन के तहत लोग ब्रिटिश सरकार से भयभीत रहते थे। वे सरकार के बहुत सारे फैसलों से असहमत थे। लेकिन अगर वे इन फैसलों की आलोचना करते तो उन्हें भारी खतरों का सामना करना पड़ता था। स्वतंत्रता आंदोलन ने यह स्थिति बदल डाली। राष्ट्रवादी खुलेआम ब्रिटिश सरकार की आलोचना करने लगे और अपनी माँगे पेश करने लगे। 1885 में ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने माँग की कि विधायिका में निर्वाचित सदस्य होने चाहिए, और उन्हें बजट पर चर्चा करने एवं प्रश्न पूछने का अधिकार मिलना चाहिए। 1909 में बने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट ने कुछ हद तक निर्वाचित प्रतिनिधित्व की व्यवस्था को मंजूरी दे दी। हालाँकि ब्रिटिश सरकार के अंतर्गत बनाई गई ये शुरूआती विधायिकाएँ राष्ट्रवादियों के बढ़ते जा रहे द्बाव के कारण ही बनी थीं लेकिन इनमें भी सभी वयस्कों को न तो वोट डालने का अधिकार दिया गया था और न ही आम लोग निर्णय प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते थे।

1. आज़ादी के लिए संघर्ष किसने चलाया ?

i. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ii. ब्रिटिश सरकार ने
iii. देश की जनता ने iv. निर्वाचित सदस्यों ने

2. स्वतंत्रता से पूर्व भारत में किस प्रकार का शासन था ?

i.लोकतांत्रिक शासन ii.औपनिवेशिक शासन iii.तानाशाही शासन iv.समाजवादी शासन

3. स्वतंत्रता आंदोलन का क्या असर पड़ा ?

i.ब्रिटिश शासक चले गए ii.सरकार की खुलकर आलोचना होने लगी
iii.लोगों को हिस्सेदारी मिल गई iv.लोकतंत्र स्थापित हो गया

4. 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने क्या मांग की ?

i.भारतीय पुरज़ोर विरोध करें ii.अंग्रेजों, भारत छोड़ो
iii.आज़ादी हो iv.विधायिका में चुने हुए सदस्य हों

5. ब्रिटिश सरकार के अंतर्गत बनाई गई विधायिका में वोट डालने का अधिकार किन्हें नहीं दिया गया था ?

i.सभी अंग्रेजों को ii.सभी ग्रामवासियों को iii.सभी वयस्कों को iv.सभी स्त्रियों को

**6–10 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।**

वे कौन सी परिस्थितियाँ थी जिनमें गांधी और टैगोर के बीच बौद्धिक आदान–प्रदान का प्रादुर्भाव और विकास हुआ ? बंगाल विभाजन के बाद (1905) स्वदेशी आंदोलन में सक्रिय कार्यकर्त्ता के अनुभव ने रवीन्द्रनाथ टैगोर को गांधी–पूर्व कांग्रेस की राजनीति और सीमाओं के प्रति संवेदनशील बना दिया होगा। अपने देशवासियों से पहले, उन्होंने शायद देखा हो कि गांधी भारती की आज़ादी के संघर्ष को एकदम नया मोड़ देने में सक्षम हैं। दक्षिण अफ्रीका में ख्याति प्रा् त मोहनदास करमचंद गांधी ने फीनिक्स स्कूल के अपने छात्र, टैगोर के शांतिनिकेतन में इसलिए भेजे होंगे क्योंकि उन्होंने देखा होगा कि बंगाल के एक सुदूर कोने में कुछ कार्य प्रगति पर था जो उनकी विचारधारा और प्रयासों के साथ मेल खाता था।

6. गांधी ने फीनिक्स स्कूल के अपने छात्रों को शांतिनिकेतन भेजा क्योंकि–

i. वे छात्र बंगाल को करीब से देखना चाहते थे।
ii. दक्षिण अफ्रीका में रहने के लिए स्थितियाँ अनुकूल नहीं थीं।
iii. रवीन्द्रनाथ टैगोर चाहते थे कि फीनिक्स से कुछ छात्र शांतिनिकेतन आएँ।
iv.शांतिनिकेतन की गतिविधियाँ गांधी की विचारधारा और प्रयासों से मेल खाती थीं।

7. किस अनुभव ने रवीन्द्रनाथ टैगोर को गांधी–पूर्व कांग्रेस की राजनीति और सीमाओं के प्रति संवेदनशील बनाया ?

i.शांतिनिकेतन में कार्य करने के अनुभव ने। ii.गांधी की राजनीतिक प्रक्रिया ने।

iii.कांग्रेस की राजनीति के अनुभव ने। iv.स्वदेशी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के अनुभव ने।

8. बौद्धिक आदान–प्रदान से तात्पर्य है–

i.भावनाओं का आदान–प्रदान ii.विचारों का आदान–प्रदान

iii.वस्तुओं का आदान–प्रदान iv.पुस्तकों का आदान–प्रदान

9. सुदूर का अर्थ है–

i. सुन्दर ii. निकट iii.दूर iv.बहुत दूर

10. बंगाल का विभाजन कब हुआ था ?

i.1905 ii.1919 iii.1947 iv.1950

**11–15 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए।**

ऊँचा साहित्य तभी आएगा, जब प्रतिभा–सम्पन्न लोग तपस्या की भावना लेकर साहित्य–क्षेत्र में आएँगे, जब किसी अच्छी पुस्तक की रचना राष्ट्र के लिए गौरव की बात समझी जाएगी, जब उसकी चाय की मेज़ों पर चर्चा होगी, जब उसके पात्रों के गुण–दोषों पर शिक्षित मित्र–मंडलियों में आलोचनाएँ होंगी, विद्वान लोग साहित्य में रस लेंगे। जिस समाज में साहित्य की उपेक्षा की जाती हों, जिस समाज में साहित्य की रूचि नही के बराबर हो, वहाँ जो कुछ हो रहा है वही गनीमत है। हमारे यहाँ वही साहित्य की सेवा करते हैं, जिन्हे कोई काम नहीं मिलता या जो लोग मनोविनोद् के लिए कभी–कभी लिख–पढ़ लिया करते हैं, ऐसे अरसिक समाज में उच्च कोटि का साहित्य कयामत तक न आएगा।

11. यहाँ 'ऊँचा साहित्य'' से क्या अभिप्राय है ?

i. मात्रा में अधिक साहित्य ii. महान साहित्य iii. आकार में बड़ा साहित्य iv.बाकी कलाओं से बड़ा साहित्य

12. हमारें यहाँ साहित्य की सेवा प्रायः कौन करता है ?

i.जो लोग केवल मनोविनोद के लिए पढ़–लिख लेते हैं। ii. जिन्हें साहित्य से प्रेम है।

iii. जिन्हें साहित्य की चिंता है। iv.जिन्हें राष्ट्र की सेवा करनी है।

13. 'उपेक्षा' का विलोम शब्द है–

i. निरपेक्ष ii.अपेक्षा iii.सापेक्ष iv.सुरक्षा

14. इस गद्यांश में 'अरसिक समाज' का क्या आशय है ?

i. जो समाज साहित्य में रूचि न लेता हो। ii.जो समाज खेल–कूद में भाग नहीं लेता।

iii.जो समाज राष्ट्र – भक्त नहीं है। iv.जो समाज काम नहीं करता।

15. निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त कथन कौन–सा है ?

i. यहाँ साहित्य को समाज के लिए आवश्यक माना गया है।

ii. यहाँ समाज और साहित्य के विरोध को दर्शाया गया है।

iii.यहाँ साहित्य–लेखन की प्रविधि बताई गई है।

iv.यहाँ उत्कृष्ट साहित्य की आवश्यकता को रेखांकित किया गया हैं

16. नीचे दिए गए वाक्यों को तार्किक क्रम में लगाइए–

a.चूँकि वह भूखी थी, उसके मुंह में पानी भर आया। b.कौए की चोंच में पनीर का टुकड़ा था।

c. एक लोमड़ी एक बार किसी बाग में गई। d.उसने वक्ष पर एक कौए को देखा।

i.a,b,c,d ii.c,b,d,a iii.c,d,b,a iv.b,c,d,a

17. नीचे दिए गए वाक्यों को तार्किक क्रम में लगाइये।

i. उस पार जाने का कोई रास्ता उसे दिखाई नहीं देता था।

ii. संकल्प पहाड़ों के पार की दुनिया देखना चाहता था।

iii.उसके अथक प्रयासों ने आखिरकार रास्ता बना ही लिया।

iv.उसने निश्चय किया कि वह पहाड़ तोड़ कर रास्ता बनाएगा।

i. d,a,c,b ii.b,d,c,a iii. b,a,d,c iv.c,b,a,d

18. नीचे दिए गए वाक्यों को तार्किक क्रम में लगाइए–

a. सब से मस्त खुशी मेरी b.गया, ले गया तू जीवन की c.मधुर याद बचपन तेरी d.बार–बार आती है मुझको

i.a,b,d,c ii.c,a,d,b iii.d,c,b,a iv.b,d,a,c

19. नीचे दिए गए वाक्यों को तार्किक क्रम में लगाइए। पहला वाक्य ठीक जगह पर है।

i.घर के अंदर बुरा हाल है।

ii. हेम लोग ठीक तरह से सो भी नहीं पाते।

iii.वे रात भर एक कमरे से दूसरे कमरे मे भागते – फिरते हैं।

iv.बीसियों चूहे भरे हैं।

i.a,c,d,b ii.a,b,d,c iii.a,c,b,d iv.a,d,c,b

20. 'प्रवत्ति' का विपरीत अर्थ देने वाला शब्द है–

i.निवत्ति ii.आवत्ति iii.वत्ति iv.समवत्ति

21. निम्नलिखित में से एक शब्द 'अंत' मूल शब्द से नहीं बना–

i.अनंत ii.अंतराल iii.पर्यन्त iv.अत्यंत

22. 'नौ दिन में चले अढ़ाई कोस' का उपयुक्त अर्थ होगा–

i.सही माप का न जानना ii. समय अधिक होना iii.अयोग्य होना iv.बहुत धीमी गति होना

23. पिताजी सौरभ की आदतों से पहले ही परेशान थे। पड़ोसियों की शिकायत ने उस पर.........का काम किया।

i.आग में घी डालना ii.काम तमाम कर देना iii.खरी खोटी सुनाना iv.आग बबूला होना

24. 'थोड़े में बहुत कहना' भाव के लिए मुहावरा है–

i.छप्पर फाड़ कर देना ii. छोटा मुँह बड़ी बात iii.गागर में सागर भरना iv.टका–सा जवाब देना

25. 'दुर्लभ' का संधि – विच्छेद होगा–

i.दुः + लाभ ii.दुर+लाभ iii.दुर+लभ iv.दुर्र+लीभ

26. 'उच्छ्वास' का संधि–विच्छेद होगा

i.उच्छ+वास ii.उच्छवा+आस iii.उत्+श्वास iv.उत्+छवास

27. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का ही प्रयोग हुआ है ?

i.योग्यता ii.क्षमता iii.नम्रता iv.असफलता

28. 'अधि' उपसर्ग से बनने वलाा शब्द–समूह है–

i.आधिपत्य, आधिक्य, अधिकार ii.अधिकतम, अधीन, अधिवास

iii.अध्यादेश, अधिवास, अधिष्ठाता iv.अधिकतम, अधिराज, अधिकार

29. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है–

i.भास्कर ii.रत्नाकर iii.दिवाकर iv.प्रभाकर

30. 'यथाशीघ्र' समास–शब्द के विग्रह में अव्यय है–

i.शीघ्र ii.यथा iii.यथा और शीघ्र iv.ये अवयवी भाव समास ही नही है।

31. कविता की पंक्ति को उपयुक्त विकल्प से पूरा करें।

दिवस का अवसान समीप था,....................था कुछ लोहित हो चला।

i.आसमान ii.अम्बर iii.गगन iv.आकाश

32. निम्नलिखित शब्द–युग्म में से किसमें स्त्रीलिंग –पुल्लिंग का प्रयोग ठीक से नहीं हुआ।

i.वीर–वीरांगना ii.दार्शनिक–दार्शनिका iii.साला–सलहज iv.साढू–साली

33. दिए गए चारों वाक्यों में 'अच्छा' शब्द की भिन्न व्याकरणिक कोटियों के सही क्रम को चिन्हित कीजिए।

क. वह अच्छा लड़का है।

ख. गोपाल अच्छा गाता है।

ग. वह अच्छों के साथ रहता है।

घ. अच्छा, कल देखा जाएगा।

i.क्रियाविशेषण, अव्यय, विशेषण, संज्ञा ii.अव्यय,संज्ञा, क्रियाविशेषण, विशेषण

iii.संज्ञा, विशेषण,अव्यय,क्रिया iv.विशेषण, क्रियाविशेषण, संज्ञा, अव्यय

34. निम्नलिखित शब्दों में से क्रिया–विशेषण छाँटिए

i.त्राहि–त्राहि ii.आसपास iii.वरन् iv.कदाचित्

35. 'महीप' का पर्यायवाची है–

i.भूपति ii.राघव iii.विभीषण iv.लंकेश

36. पुनरूक्त संयुक्त क्रिया का वाक्य छाँटिए–

i.वह गिर पड़ा। ii.राम पढ़ा–लिखा करता है iii.गोपल खाने लगा। iv.हवा चल रही है।

37. व्याकरण की दष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त वाक्य चुनिए।

i.मुझसे अन्याय सहा नहीं जाता। ii. लड़कों द्वारा पाठ याद किया जाता है।

iii. हमें बड़ों की आदर करनी चाहिए। iv.पिताजी हमें कचौड़ियाँ खिलाए।

38. 'अनिच्छा' पर बहुत कुछ मिले पर इच्छा पर कुछ न मिले' – इसके लिए उपयुक्त लोकोक्ति है–

i.चमड़ी जाए दमड़ी न जाए ii.न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी

iii. आम के आम गुठलियों के दाम

iv. बिन माँगे मोती मिले, माँगे मिले न भीख

39. निम्नलिखित में से कौन–सा बहुब्रीहि समास नहीं है ?

i.पंचानन ii.दशानन iii.त्रिभुवन iv.पीताम्बर

40. जिस वाक्य का एक उपवाक्य मुख्य हो और दूसरा उपवाक्य गौण हो, उसे.........कहते हैं।

i.मिश्र वाक्य ii. संयुक्त वाक्य iii. सरल वाक्य iv. आश्रित वाक्य

41–45 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए।

इसके बाद ठाकुर साहब........(41) इत्यादि से............(42) होकर अपने शयन–कक्ष में चले गये। परन्तु बहुत........(43)बीत जाने पर भी उनको नींद न आई । यद्यपि उन्होंने चिंटू को सावधानी से गश्त लगाने की आज्ञा दे दी थी , तदापि ह्रदय में..........(44) हुई चिंता उनकी आँख भी झपने न देती थी। आखिर वह उठ बैठे, चुपके से बाहर निकले, ....................... (45) आगे बढ़े।

41. i. निद्रा ii. हाथ–धोने iii.भोजन iv.बीमारी

42. i.मुक्त ii.संतुष्ट iii.निवत्त iv.अधिकृत

43. i.दिन ii.रात iii.क्षण iv.पल

44. i.धधकती ii.रहती iii.बनती iv.पनपी

45. i. मंद–मंद ii. धीरे–धीरे iii.बंधे–पैरों iv. दबे पैरों

46–50 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए।

रामलाल कल शाम से ही.........(46) था। न उसने ठीक से कुछ खाया था और नही किसी से........(47) बात कर रहा था। गाँव से यह समाचार पाते ही कि उसका बेटा सख्त बीमार है, वह.........(48) हो गया था। उसकी पत्नी ने रोते हुए फोन पर बताया था, ''गाँव के डॉक्टर ने जवाब दे दिया है।...........(49) ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराने को कहा है। पिछले महीने तुमने जो पैसे भिजवाए थे वे सब खर्च हो गए हैं। शहर जाने के लिए.......(50) तक के पैसे नहीं है''।

46. i. प्रसन्न ii. उत्तेजित iii.कार्यरत् iv.उदास

47. i.अच्छी ii.ठीक iii.ज्यादा iv.अपनी

48. i.उत्तेजित और अपराधी ii.व्यथित और उद्विग्न iii.परेशान और पागल iv. व्यथित और उत्तेजित

49. i.गाँव ii.अमेरिका iii.शहर iv.बड़ी जगह

50. i.किराये ii.खाने iii.रहने iv.पढ़ने